[न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे] मुंबई, शुक्रवार, 06 मार्च 2026 । मूल्य 0.00, कुल पृष्ठ 4 [वर्ष: 12, डिजिटल अंक: 175, प्रधान संपादक : पवन जैन पदमावत] +91-9594542679 www.padmavatmedia.in padmavatmedia@gmail.com

**अनमोल वचन**

जैसे उल्लू को सूर्य नहीं दिखाई देता वैसे ही दुष्ट को सौजन्य दिखाई नहीं देता।

- तुलसीदास

दैनिक हिन्दी राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

PADMAVAT MEDIA

Reg. No. MH180326353

# पदमावत मीडिया

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

जैन एकता मंच के 15 सूत्रीय ... 02

03 कैट आइकन अवार्ड में अपने बलबूते...

## खबर संक्षेप

### भगवान आदिनाथ जन्म कल्याणक पर 8 मार्च को पोस्टर व निबंध प्रतियोगिता

**भींडर @ पदमावत मीडिया।** जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ (ऋषभदेव) के जन्म कल्याणक के पावन अवसर पर



आदिब्रह्मा आदिनाथ फाउंडेशन, भींडर के तत्वावधान में विद्यार्थियों के लिए पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों में भगवान आदिनाथ के जीवन, उनके आदर्शों और जैन धर्म की शिक्षाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने का उद्देश्य रखा गया है।

संस्था निदेशक अनिल स्वर्णकार ने बताया कि यह प्रतियोगिता 8 मार्च रविवार को प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक आमेटा समाज का नोहरा, भींडर में आयोजित होगी। प्रतियोगिता में भींडर नगर पालिका क्षेत्र के राजकीय एवं निजी विद्यालयों के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। इसमें कक्षा 5 से लेकर महाविद्यालय स्तर तक के विद्यार्थी शामिल हो सकते हैं। प्रतिभागी भगवान आदिनाथ ऋषभदेव के जीवन, उनके उपदेशों तथा जैन धर्म से संबंधित विषयों पर निबंध लिखेंगे और पोस्टर बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पारितोषिक वितरण समारोह 12 मार्च गुरुवार को आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर निबंध और पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विशेष पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे, वहीं प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।


इस आयोजन के पोस्टर का विमोचन सेक्टर 11 उदयपुर में विराजमान राष्ट्र संत आचार्य विहर्ष सागरजी महाराज के सानिध्य में किया गया। इस अवसर पर संस्था निदेशक अनिल स्वर्णकार, श्री आदिनाथ दिगंबर जैन चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष पारसमल चित्तौड़ा तथा महामंत्री कमलकांत जोलावत सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

संस्था पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक संख्या में प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में धार्मिक, सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**एसीबी की कार्रवाई**

### घूस लेते रंगे हाथों पकड़ा गया जीएचएमसी का अकाउंट सेक्शन एग्जामिनर

**हैदराबाद @ पदमावत मीडिया। हैदराबाद।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्रेटर हैदराबाद म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के सिकंदराबाद जोनल कार्यालय में कार्यरत अकाउंट सेक्शन के एग्जामिनर को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार 5 मार्च 2026 को एसीबी की सिटी रेंज-क्क्रयूनिट ने कार्रवाई करते हुए सुर्या वंशी संतोष, एग्जामिनर, अकाउंट सेक्शन, जीएचएमसी सिकंदराबाद जोनल ऑफिस, हैदराबाद को उनके कार्यालय में ही रिश्वत लेते हुए पकड़ा। आरोपी ने एक शिकायतकर्ता से उसके सेवानिवृत्ति लाभ से संबंधित फाइल को प्रोसेस कर जीएचएमसी मुख्यालय भेजने के लिए 40,000 रुपये की रिश्वत की मांग की थी।

बताया गया कि आरोपी ने पहले 5,000 रुपये प्रारंभिक भुगतान के रूप में ले लिए थे और बाद में 35,000 रुपये लेते समय एसीबी टीम ने उसे रंगे हाथों दबोच लिया। ट्रैप के दौरान आरोपी के कब्जे से 35,000 रुपये की रिश्वत राशि बरामद की गई। एसीबी अधिकारियों के अनुसार आरोपी ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अनुचित लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से अपने कर्तव्यों का गलत और बेईमानी से निर्वहन किया। कार्रवाई के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर विशेष न्यायाधीश, एसपीई एवं एसीबी मामलों की अदालत, नामपल्ली के समक्ष न्यायिक रिमांड के लिए पेश किया जा रहा है।

## राज सखी स्टोर्स, रूरल विमेन बीपीओ जैसे नवाचारों से आधी आबादी होगी और अधिक सशक्त

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में महिला आत्मनिर्भरता को मिली नई उड़ान

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, उन्हें आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से मजबूत करने तथा महिला सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए निरंतर महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है। राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष के बजट में भी रूरल विमेन बीपीओ, राज सखी स्टोर, अमृत पोषण वाटिकाओं का निर्माण, किशोरी बालिका योजना का विस्तार, मुख्यमंत्री लखपति दीदी ऋण योजना के अंतर्गत ऋण सीमा में वृद्धि सहित ऐसी अनेक घोषणाएं की गई हैं, जिससे आधी आबादी सशक्त एवं आत्मनिर्भर बन सके।

राज्य सरकार द्वारा महिला सशक्तीकरण एवं वित्तीय समावेशन के तहत किए जा रहे प्रयासों से प्रदेशभर में 16 लाख से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बनी हैं। ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को आर्थिक संबल देने एवं रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध करवाने के लिए 100 करोड़ रुपये का व्यय कर जिला स्तर पर रूरल विमेन बीपीओ स्थापित किये जायेंगे। साथ ही, मुख्यमंत्री लखपति दीदी ऋण योजना के तहत ऋण सीमा भी एक लाख रुपये से बढ़ाकर एक लाख 50 हजार रुपये करने का बजटीय प्रावधान किया गया है, जिससे महिला उद्यमिता को और अधिक प्रोत्साहन मिल सके।



**50 नवीन एंटरप्राइजेज होंगे शुरू, वित्तीय साक्षरता के लिए सक्षम सेंटर्स**

राजीविका के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक नवाचार किए जा रहे हैं। सरकार द्वारा इस वर्ष की बजटीय घोषणा के तहत राजीविका के अन्तर्गत संगठित 100 क्लस्टर लेवल फेडरेशन के कार्यालय एवं अन्य उपयोग के लिए भवन उपलब्ध करवाये जायेंगे। साथ ही, इन कार्यालयों में डिजिटल एवं वित्तीय साक्षरता के लिए सक्षम सेंटर भी शुरू किए जाएंगे। स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाये गये उत्पादों की बेहतर ब्रांडिंग, डिजाइनिंग एवं पैकेजिंग कर डेयरी, टैक्सटाइल, फुटवियर, मिलेट्स एवं मसाले इत्यादि से सम्बन्धित क्षेत्रों के 50 नवीन एंटरप्राइजेज स्थापित किये जायेंगे। साथ ही, राज्य सरकार द्वारा इन उत्पादों की ब्रिक्री के लिए राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों से समन्वय भी किया जाएगा।

### 11 हजार अमृत पोषण वाटिकाओं का होगा निर्माण

राज्य सरकार द्वारा महिला स्वयं सहायता समूह की आजीविका संवर्द्धन के लिए 11 हजार अमृत पोषण वाटिकाओं का निर्माण किया जाएगा, जिससे आंगनबाड़ी केन्द्रों व स्कूलों में मिड-डे-मील के लिए स्थानीय स्तर पर फल, सब्जी भी उपलब्ध हो सकेंगे। राज्य सरकार द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकताओं के लिए भी अर्ली चाइल्डहुड केयर एण्ड एजुकेशन कोर्स करवाया जाएगा। साथ ही, प्रदेश की एक हजार आंगनबाड़ी कार्यकताओं को प्रतिष्ठित संस्थानों से विशिष्ट प्रशिक्षण दिलवाया जायेगा।

इस वर्ष के बजट में आकांक्षी जिले करौली, धौलपुर, बारां, जैसलमेर एवं सिरोही में संचालित किशोरी बालिका योजना का विस्तार किया गया है। अब यह योजना राज्य के समस्त 27 आकांक्षी ब्लॉक्स में शुरू की जाएगी, जिससे 50 हजार से अधिक किशोरी बालिकाएं पूरक पोषाहार से लाभान्वित हो सकेंगी। राजकीय कार्यालयों में कार्यालय समय में 6 माह से 6 वर्ष के बच्चों की देखभाल के लिए चरणबद्ध रूप से मुख्यमंत्री शिशु-वात्सल्य सदन खोले जायेंगे।

**5 हजार महिलाएं बनेंगी बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट सखी**

राज्य सरकार महिला उद्यमिता को प्रोत्साहन देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में सभी संभागीय मुख्यालयों पर राज सखी स्टोर्स स्थापित किए जाएंगे, जिससे राजीविका से जुड़ी महिलाओं को उद्यम को सफल बनाने के लिए आवश्यक क्षमता संवर्द्धन मिल सके। इस हेतु सभी जिलों में चरणबद्ध रूप से सेंटर फोर एंटरप्रेन्योरशिप एण्ड कैपिसिटी बिल्डिंग स्थापित किये जायेंगे। मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना के तहत ऋण की सीमा 50 लाख से बढ़ाकर एक करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान भी किया गया है। वहीं, स्वयं सहायता समूह की लगभग 5 हजार महिलाओं को प्रशिक्षित कर बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट सखी बनाया जायेगा।

**कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की संख्या अब 600**

महिला सुरक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। महिलाओं के विरूद्ध सार्वजनिक स्थानों पर छेड़छाड़, घरेलू हिंसा एवं अन्य अपराधों की रोकथाम के लिए कार्यरत कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की संख्या को चरणबद्ध रूप से 500 से बढ़ाकर 600 किया जाएगा। वहीं, 100 पुलिस थानों में महिला बैरक विकसित किये जायेंगे। पर्यटकों की सुरक्षा व सहयोग के लिए पर्यटन सहायता बल कैडर का सुदृढ़ीकरण हेतु महिला सुरक्षाकर्मियों एवं गाइड्स की नियुक्ति की जायेगी। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में महिलाओं को मुख्यमंत्री सुपोषण न्यूट्री-किट, लाडो प्रोत्साहन, मुख्यमंत्री नारी शक्ति प्रशिक्षण एवं कौशल संवर्द्धन, मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन, सोलर दीदी एवं लखपति दीदी जैसी योजनाओं से आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। महिलाएं इन योजनाओं से लाभान्वित होकर सशक्त हुई हैं तथा उनकी निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी बढ़ी है। इन प्रयासों से महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। साथ ही, वे राज्य के विकास में अहम भागीदारी भी सुनिश्चित करेंगी।

## मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा पहुंचे काठूवास

# नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की स्व. माताजी को दी श्रद्धांजलि





**केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव, राजस्व राज्य मंत्री विजय सिंह, सांसद मदन राठौड़ भी रहे मौजूद**

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**कोटपूतली-बहरोड़/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरूवार को कोटपूतली-बहरोड़ की माढ़ण तहसील के ग्राम काठूवास पहुंचकर नेता प्रतिपक्ष श्री टीकाराम जूली की माताजी के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने स्व. चलती देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी और दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव, राजस्व राज्य मंत्री श्री विजय सिंह, सांसद श्री मदन राठौड़ और विधायक श्री देवी सिंह शेखावत सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### बड़गांव में सामूहिक ढूंढोत्सव धूमधाम से मनाया

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** औदिच्य समाज बड़गांव की ओर से 14वां सामूहिक ढूंढोत्सव समाज के नोहरे में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समाज अध्यक्ष नारायण लाल व्यास ने बताया कि इस कार्यक्रम में समाज के 9 नौनिहाल तथ्या, मिशिका, मान्या, जैनिशा, नवश्री, विधिरा, व्रिशिव, विवान व तनिष्क का ढूंढोत्सव हुआ। इससे पूर्व सुबह के समय होली मिलन कार्यक्रम व शाम को गांव के प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में प्राचीन परंपरा के अनुसार ढूंढ कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में पुरूषों द्वारा गैर नृत्य और महिलाओं द्वारा घूमर नृत्य विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा। इस अवसर पर स्नेहभोज का आयोजन भी रखा गया। कार्यक्रम में महिलाओं-बच्चों के साथ हर वर्ग ने पूरा उत्साह दिखाया।



### 44वीं अखिल भारतीय पुलिस घुड़सवारी प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश पुलिस का शानदार प्रदर्शन





**भोपाल @ पदमावत मीडिया। भोपाल।** मध्यप्रदेश पुलिस के घुड़सवारी दल ने 44वीं अखिल भारतीय पुलिस घुड़सवारी प्रतियोगिता एवं माउंटेड पुलिस ड्यूटी मीट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 06 पदक (02 स्वर्ण, 02 रजत एवं 02 कांस्य) अर्जित कर मध्यप्रदेश पुलिस का गौरव बढ़ाया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 15 से 27 फरवरी 2026 तक सीमा सुरक्षा बल अकादमी, टेकनपुर में आयोजित की गई थी, जिसमें देशभर की पुलिस एवं अर्द्धसैनिक बलों की 21 टीमों, 345 अश्वों और लगभग 700 राइडर्स ने भाग लिया। इस उपलब्धि पर पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाणा ने विजेता खिलाड़ियों को पुलिस मुख्यालय भोपाल में मेडल पहना कर एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने टीम के जांबाज घुड़सवारों की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता न केवल टीम की कड़ी मेहनत और अनुशासन का परिणाम है, बल्कि यह मध्यप्रदेश पुलिस की पेशेवर दक्षता और उत्कृष्ट प्रशिक्षण व्यवस्था का प्रमाण भी है। पुलिस महानिदेशक श्री मकवाणा ने सभी प्रतिभागियों को उचित इनाम देने की घोषणा की तथा भविष्य में और अधिक उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु निरंतर अभ्यास एवं उच्च स्तरीय प्रशिक्षण पर बल दिया। प्रतियोगिता के अंतर्गत सईस टेस्ट में उत्कृष्ट अश्व प्रबंधन का प्रदर्शन करते हुए श्री घनश्याम प्रजापति ने स्वर्ण पदक अर्जित किया। टीम के प्रमुख राइडर आरक्षक श्री फराज खान ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय देते हुए क्रॉस कंट्री स्पर्धा में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने पुलिस हॉर्स टेस्ट एवं क्रॉस कंट्री में दो रजत पदक तथा मेंटल हेजार्ड एवं शो जंपिंग ग्रेड-03 स्पधाओं में दो कांस्य पदक हासिल किए। शो जंपिंग प्री प्रिलिमिनरी स्पर्धा में भी उन्होंने चौथा स्थान प्राप्त कर मध्यप्रदेश पुलिस का मान बढ़ाया।

पुलिस मुख्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में राज्य की माउंटेड पुलिस इकाई को और अधिक पेशेवर बनाने, आधुनिक प्रशिक्षण एवं कोचिंग मॉडल अपनाने तथा उच्च नस्ल के स्पोर्ट्स ब्रीड अश्वों की संख्या में वृद्धि करने की रणनीति पर भी विचार-विमर्श किया गया, ताकि आगामी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में मध्य प्रदेश पुलिस और अधिक पदक अर्जित कर सके।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एसएएफ चंचल शेखर, पुलिस महानिरीक्षक एसएएफ इंदौर रेंज श्री चंद्रशेखर सोलंकी, पुलिस महानिरीक्षक एसएएफ इरशाद वली, डीआईजी आरएपीटीसी धर्मेन्द्र सिंह भदौरिया, कमांडेंट 15वीं वाहिनी श्रीमती हितिका वासल, पर्यवेक्षक अधिकारी उप सेनानी श्रीमती प्राची द्विवेदी सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक श्री एच.एम. जोशी के 100वें जन्मदिवस पर आयोजित हुआ सम्मान समारोह

## पूर्व डीजीपी एच.एम. जोशी का नेतृत्व मध्यप्रदेश पुलिस के इतिहास में प्रेरणादायी अध्याय : डीजीपी कैलाश मकवाणा









पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**भोपाल।** सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश हरिवल्लभ मोहनलाल जोशी (एच.एम.जोशी) के 100वें जन्मदिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश आईपीएस एसोशिएशन द्वारा पुलिस ऑफिसर्स मेस भोपाल में एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में श्री जोशी को शॉल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। वरिष्ठ सेवानिवृत्त आईपीएस श्री जोशी को कनिष्ठ बैच (2024) की परिवीक्षाधीन आईपीएस अधिकारी एवं सहायक पुलिस अधीक्षक, उज्जैन सुश्री काजल सिंह द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। यह क्षण अत्यंत भावनात्मक और प्रेरणादायी था, जिसने पुलिस सेवा की परंपरा, सम्मान और पीढ़ियों के बीच जुड़ाव को भी दशार्या। समारोह में श्री जोशी के जीवन, सेवाकाल और उपलब्धियों पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री वीडियो का प्रदर्शन भी किया गया, जिसमें उनके प्रशासनिक नेतृत्व, दस्यु उन्मूलन अभियान में योगदान तथा पुलिस सेवा में उनकी विशिष्ट उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया।

इस अवसर पर वर्तमान पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाणा, पूर्व पुलिस महानिदेशक, पूर्व सेवानिवृत एवं सेवारत भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाणा ने उन्हें 100वें जन्मदिवस की बधाई देते हुये कहा कि पूर्व पुलिस महानिदेशक श्री एच एम. जोशी का सेवाकाल मध्यप्रदेश पुलिस के इतिहास में एक प्रेरणादायी अध्याय के रूप में स्मरण किया जाता है। उन्होंने अपने नेतृत्व, दूरदर्शिता और दृढ संकल्प के साथ पुलिस बल को कठिन परिस्थितियों में भी प्रभावी ढंग से दिशा प्रदान की। उनके कार्यकाल में दस्यु उन्मूलन, अपराध नियंत्रण एवं कल्याण के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण पहले की गई। उन्होंने विशेष रूप से चंबल और बुंदेलखंड क्षेत्र में वर्षों से चली आ रही दस्यु समस्या के समाधान के लिए प्रभावी रणनीति अपनाई। श्री जोशी के नेतृत्व में पुलिस ने योजनाबद्ध तरिके से संगठित अभियान चलाकर दस्यु गिरोहों के विरुद्ध कई अभियान चलाये, जिससे अनेक कुख्यात डकैतों का सफाया हुआ तथा बड़ी संख्या में डाकुओं ने आत्मसमर्पण किया। इन सबके परिणामस्वरूप विकास के नए मार्ग प्रशस्त हुए। श्री जोशी का नेतृत्व, कर्तव्यनिष्ठा और जनसेवा के प्रति समर्पण आज भी पुलिस अधिकारियों और जवानों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।

पुलिस महानिदेशक श्री मकवाणा ने कहा कि श्री एच.एम. जोशी के व्यक्तित्व और कार्यशैली की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि उन्होंने अपने कर्तव्यों को सदैव कर्म ही पूजा है की भावना के साथ निभाया। वे श्रीमद्भगवद्गीता के सिद्धांतों से गहराई से प्रेरित रहे और उसी के अनुरूप निष्काम भाव से अपने दायित्वों का निर्वहन करते रहे। उनका मानना था कि किसी भी अधिकारी के लिए कर्तव्य पालन ही सर्वोच्च धर्म है और यदि व्यक्ति बिना किसी स्वार्थ या अपेक्षा के अपने कार्य को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करता है, तो वही सच्ची सेवा मानी जाती है। इसके अतिरिक्त श्री जोशी के अधीन एवं साथ में कार्य किये सेवानिवृत अधिकारियों श्री अरूण गूटरू, श्री एम. नटराजन, श्री एम.एल. जैन, श्री डी.पी. खन्ना एवं श्री एच.एस. सोनी ने भी अपने संस्मरण सुनाए। इस अवसर पर श्री एच. एम. जोशी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए पुलिस सेवा को समाज के प्रति समर्पित सेवा बताया तथा अधिकारियों को कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और जनसेवा की भावना से कार्य करने का संदेश दिया।

## खबर संक्षेप

### एसीबी की बड़ी कार्रवाई

### ग्राम विकास अधिकारी और दलाल 8 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार





**प्रतापगढ़ @ पदमावत मीडिया।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम विकास अधिकारी और उसके दलाल को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी चौकी प्रतापगढ़ की टीम ने ग्राम पंचायत सुहागपुरा के ग्राम विकास अधिकारी यशवंत जोशी तथा उसके दलाल राजमल हाड़ोती (ई-मित्र संचालक) को 8,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को शिकायत प्राप्त हुई थी कि परिवादी के मकान के पट्टे की रजिस्ट्री करवाने के लिए ग्राम विकास अधिकारी यशवंत जोशी द्वारा 12,000 रुपये की रिश्वत की मांग की जा रही है। आरोपी ने यह राशि अपने दलाल राजमल हाड़ोती के माध्यम से देने के लिए कहा था। शिकायत का सत्यापन 27 फरवरी 2026 को किया गया, जिसमें सामने आया कि आरोपी ग्राम विकास अधिकारी ने दलाल के माध्यम से 12,000 रुपये की रिश्वत तय की थी। तय योजना के अनुसार 8,000 रुपये रजिस्ट्री से पहले और शेष राशि रजिस्ट्री के बाद देने की बात कही गई थी। इसके बाद एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर उप महानिरीक्षक डॉ. रामेश्वर सिंह के सुपरविजन में एसीबी प्रतापगढ़ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान दलाल राजमल हाड़ोती को 8,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। ट्रैप के दौरान दलाल से मोबाइल पर ग्राम विकास अधिकारी यशवंत जोशी से बातचीत करवाई गई, जिसमें आरोपी ने रिश्वत राशि स्वीकार करने की स्वीकृति दी तथा रजिस्ट्री पर हस्ताक्षर करने के लिए ई-मित्र केंद्र पर आने को कहा। इसके बाद आरोपी ग्राम विकास अधिकारी की भूमिका स्पष्ट होने पर उसे भी पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। एसीबी ने दोनों आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और मामले में आगे की जांच जारी है।

### 68 पेट्रोल पंपों को जारी किये नोटिस

**भीलवाड़ा @ पदमावत मीडिया।** उप श्रम आयुक्त द्वारा गुरुवार को 68 पेट्रोल पंप के डीलर्स व कम्पनी को नोटिस जारी किये गये तथा तय समय में उपकर राशि जमा नही करवाये जाने की स्थिति में पेट्रोल पंप के डीलर्स व कम्पनी के विरुद्ध एक तरफा कार्यवाही कर उपकर निर्धारण आदेश जारी किये जायेंगे। उप श्रम आयुक्त षिवदयन सोलंकी ने बताया कि पेट्रोल पम्प मालिक/कम्पनी को निर्माण से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने का अवसर दिया जा रहा है।

कविता



मोनिका डागा आनंद

(रचना स्वरचित व सर्वाधिकार सुरक्षित)

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

### आज की नारी

शक्ति का है प्रतीक और भावनाओं की गंगा,
ईश ने नारी को कई अनोखें किरदारों में रंगा,
बनी वो कभी बेटी, बहन, बहु, पत्नी और मॉं,
आनंद के गीत से बॉंधा उसने हर एक समां ।
पहचानती है वो आज अपना हर एक अधिकार,
नहीं करती है अब वो किसी उत्पीड़न को स्वीकार,
आज की नारी है सबला और ताकतवर नई नवेली,
भीड़ गई जो जोरदार मुश्किल से धुआंधार अकेली ।
खुद पर करती है वो दूसरों से कहीं ज्यादा विश्वास,
कंधे से कंधा मिलाकर रचती है जो नया इतिहास,
समाज की बेड़ियों कि नहीं करती वो अब परवाह,
अपने दमखम पर दिया है उसने सपनों को प्रवाह ।
रिश्तों की गरिमा को वो सुंदरतम बनाएं रखती,
पर रूढ़िवादिता के बोझ को वो अब नहीं सहती,
त्याग, तपस्या ममत्व का बसा उसमें अनंत भंडार,
मुस्कुराहट रख संग संभालती वो घर बाहर परिवार ।
अन्याय के खिलाफ वो लड़ती है जबरदस्त जंग,
देख उसके स्वाभिमान, शौर्य को हर कोई हैं दंग,
आज की तेजस्विनी नारी का करता है विश्व सम्मान,
काबिलियत से अपनी नापा उसने जमीं आसमान ।

# जैन एकता मंच के 15 सूत्रीय उद्देश्यों से समाज में एकता, शिक्षा और सेवा की भावना को मिलेगा बल

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**मुंबई ।** जैन समाज में एकता, सहयोग और सामाजिक समरसता को मजबूत करने के उद्देश्य से स्थापित जैन एकता मंच द्वारा समाज के समग्र विकास के लिए 15 सूत्रीय उद्देश्यों को निर्धारित किया गया है। इन उद्देश्यों में जैन धर्म के मूल सिद्धांतों का संरक्षण, समाज में शिक्षा और स्वास्थ्य के अवसरों का विस्तार, आर्थिक समानता को प्रोत्साहन तथा जैन समाज के विभिन्न पंथों और संगठनों के बीच समन्वय स्थापित करने पर विशेष जोर दिया गया है।

जैन एकता मंच का उद्देश्य जैन समाज को एक सूत्र में बांधते हुए वैश्विक स्तर पर जैन धर्म की पहचान को मजबूत करना है। मंच के माध्यम से यह प्रयास किया जा रहा है कि जैन समाज के सभी लोग अपने नाम के साथ जैन उपनाम का प्रयोग करें, जिससे समाज में एक समान पहचान और एकता की भावना को बढ़ावा मिल सके।

मंच के गठन में जैन धर्म गुरुओं, आचार्यों और समाज के वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है। अमृत जैन (मेहता कोरा) सहित सहयोगियों के नेतृत्व में इस पहल को आगे बढ़ाया जा रहा है। साथ ही भारत और विदेशों में विराजमान जैन आचार्य गुरुओं के आशीर्वाद से समाज में दया, सहयोग और सद्भाव की भावना को सुदृढ़ करने का प्रयास किया जा रहा है। जैन एकता मंच द्वारा जैन धर्म के इतिहास और विरासत को सुरक्षित रखने के लिए विशेष योजनाएं बनाई गई हैं। इसके तहत जैन मंदिरों और संस्थाओं में उपलब्ध पांडुलिपियों, धार्मिक ग्रंथों और दस्तावेजों का संग्रह कर उन्हें सुरक्षित रखने की योजना है। साथ ही पुस्तकालय और अध्ययन केंद्र स्थापित कर नई पीढ़ी को जैन धर्म के इतिहास, सिद्धांतों और संस्कृति से परिचित कराने का प्रयास किया जाएगा।




मंच का एक प्रमुख उद्देश्य जैन समाज की श्वेतांबर और दिगंबर परंपराओं के बीच समन्वय और एकता को मजबूत करना भी है। इसके अंतर्गत समाज में पारस्परिक सहयोग और सद्भाव का वातावरण तैयार करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि समाज के सभी वर्ग एकजुट होकर धर्म और संस्कृति के संरक्षण में योगदान दे सकें। जैन एकता मंच ने पर्युषण पर्व को भी समाज में एकता का प्रतीक बनाने का संकल्प लिया है। इसके तहत यह प्रयास किया जा रहा है कि जैन समाज के सभी वर्ग पर्युषण पर्व को एक ही समय पर मनाएं, जिससे समाज में सामंजस्य और एकजुटता की भावना को बल मिल सके।

इसके अलावा मंच द्वारा जैन मंदिरों के संरक्षण और पुनरुद्धार के लिए भी विशेष पहल की जाएगी। जैन तीर्थों और मंदिरों को व्यवस्थित रूप से विकसित कर उन्हें धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों का केंद्र बनाने की योजना है। इससे जहां एक ओर जैन धर्म की परंपराओं को मजबूती मिलेगी, वहीं दूसरी ओर स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे।

जैन एकता मंच समाज में दया, शाकाहार और पशु संरक्षण के संदेश को भी व्यापक स्तर पर प्रसारित करने के लिए कार्य करेगा। इसके लिए विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रमों, शिविरों और सामाजिक अभियानों का आयोजन किया जाएगा, ताकि जैन धर्म के अहिंसा और करुणा के सिद्धांतों को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाया जा सके।

मंच का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य जैन समाज के बच्चों, युवाओं और महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना भी है। इसके तहत छात्रवृत्ति, स्वास्थ्य शिविर, कौशल विकास कार्यक्रम और रोजगार सहायता जैसी योजनाएं संचालित करने की योजना बनाई गई है।

जैन एकता मंच समाज के भीतर मौजूद आंतरिक मतभेदों, ईर्ष्या और आर्थिक असमानता को समाप्त करने के लिए भी सक्रिय भूमिका निभाएगा। मंच का मानना है कि जब समाज के सभी वर्ग एकजुट होकर सहयोग की भावना से कार्य करेंगे, तभी जैन समाज सशक्त और संगठित बन सकेगा।

मंच का यह भी उद्देश्य है कि जो लोग किसी कारणवश जैन धर्म से दूर हो गए हैं, उन्हें पुनः समाज में सम्मानपूर्वक जोड़ने का प्रयास किया जाए। इसके माध्यम से समाज में समावेश और अपनत्व की भावना को बढ़ावा मिलेगा।

जैन एकता मंच ने स्पष्ट किया है कि यह संगठन पूर्णतः गैर-राजनीतिक, निःस्वार्थ और पारदर्शी तरीके से कार्य करेगा। संगठन का उद्देश्य केवल समाज सेवा, धर्म प्रचार और सामाजिक विकास है। इसमें किसी प्रकार की राजनीतिक गतिविधियों को स्थान नहीं दिया जाएगा।

मंच की सफलता के लिए जैन आचार्य संतों के आशीर्वाद, समाज के उद्योगपतियों, दानदाताओं और समाजसेवियों के सहयोग को महत्वपूर्ण माना गया है। इनके सहयोग से विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और शैक्षणिक योजनाओं को गति प्रदान की जाएगी।

जैन एकता मंच भविष्य में भारत सहित विदेशों में भी अपनी शाखाओं का विस्तार करने की योजना बना रहा है। इसके माध्यम से जैन मंदिरों, संघों और सामाजिक संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित कर एक सुदृढ़ और संगठित नेटवर्क तैयार किया जाएगा, जो समाज के विकास और धर्म प्रचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

जैन एकता मंच के इन 15 उद्देश्यों को जैन समाज के लिए एक नई दिशा और नई ऊर्जा का प्रतीक माना जा रहा है। समाज के प्रबुद्धजनों का मानना है कि यदि इन उद्देश्यों को योजनाबद्ध तरीके से क्रियान्वित किया जाए तो जैन समाज में एकता, सेवा और समृद्धि का एक नया अध्याय प्रारंभ हो सकता है।

## एनीमिया मुक्त समाज की ओर कदम: स्वस्थ नारी : एनीमिया पर भारी अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित





पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**ऋषभदेव।** महिलाओं एवं किशोरियों में बढ़ती खून की कमी की समस्या को देखते हुए आंगनवाड़ी केंद्र थाना, ऋषभदेव में 5 मार्च 2026 को स्वस्थ नारी झ एनीमिया पर भारी अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं किशोरियों को एनीमिया के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में विधिक सलाहकार पिना डामोर तथा साथीन सुगना देवी की उपस्थिति में महिलाओं को खून की कमी के लक्षण, इसके दुष्परिणाम और इससे बचाव के उपायों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उपस्थित महिलाओं को बताया गया कि शरीर में खून की कमी होने पर कमजोरी, थकान, चक्कर आना, सिरदर्द और कार्य करने की क्षमता में कमी जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं, जिससे स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। इस दौरान महिलाओं को पोषणयुक्त और संतुलित आहार के महत्व के बारे में भी बताया गया। विशेष रूप से आयरन युक्त खाद्य पदार्थ जैसे हरी पत्तेदार सब्जियां, दालें, गुड़, चना तथा अन्य पौष्टिक आहार को नियमित रूप से भोजन में शामिल करने की सलाह दी गई। साथ ही आयरन फोलिक एसिड (आईएफए) की गोलियां लेने और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच करवाने के लिए भी प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए स्वास्थ्य संबंधी कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं और अपने सवाल भी रखे। वक्ताओं ने कहा कि यदि महिलाएं अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें और संतुलित आहार के साथ नियमित जांच करवाती रहें तो एनीमिया जैसी समस्या से काफी हद तक बचाव संभव है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्वस्थ बनाकर एनीमिया मुक्त समाज की दिशा में जनजागरूकता बढ़ाना रहा। इस अवसर पर महिलाओं ने ऐसे कार्यक्रमों को समाज के लिए उपयोगी बताते हुए इसकी सराहना की।

## गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र के 64 पदों के लिए नामांकन प्रक्रिया 19 से 21 मार्च तक

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**भीलवाड़ा।** गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र के अभ्यर्थियों की नामांकन प्रक्रिया वर्ष 2022 के लिए 19 मार्च से 21 मार्च तक महात्मा गांधी ग्राउण्ड, चेतक सर्किल के पास, उदयपुर में आयोजित की जाएगी। यह प्रक्रिया निदेशालय, गृह रक्षा राजस्थान, जयपुर द्वारा गठित चयन समिति (बोर्ड) के सदस्यों की उपस्थिति में सम्पन्न होगी।

समादेष्टा गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र के कमान्डेट श्री ललित व्यास ने बताया कि तीन दिनों तक चलने वाली इस नामांकन प्रक्रिया में केन्द्र के 64 रिक्त पदों के विरुद्ध 6415 अभ्यर्थी भाग लेंगे। प्रत्येक अभ्यर्थी को मोबाइल पर एसएमएस और ई-मेल के माध्यम से सूचना भेजी जाएगी। अभ्यर्थी दी गई लिंक/वेबसाइट पर जाकर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र में दिए गए सभी महत्वपूर्ण निदेशों का पालन करते हुए निर्धारित तिथि, समय और स्थान पर आवश्यक मूल दस्तावेजों जैसे मूल निवास, आयु प्रमाण-पत्र, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण-पत्र, विशेष योग्यता प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, चिकित्सा प्रमाण-पत्र, विवाह प्रमाण-पत्र, पुलिस सत्यापन प्रमाण-पत्र आदि के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष नम्बर 01482-230118 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## आरोग्य मित्र एवं आरोग्य सखी का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित, स्वास्थ्य जागरूकता पर दिया विशेष जोर

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूंबर।** आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष डगार द्वारा आरोग्य मित्र एवं आरोग्य सखी का प्रशिक्षण कार्यक्रम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डगार में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्वास्थ्य जागरूकता एवं ग्रामीण स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के उद्देश्य से विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण के दौरान आरोग्य मित्र एवं आरोग्य सखी को कुल 13 विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इनमें घरेलू उपचार, वनौषधियों की जानकारी, संतुलित आहार-विहार, रक्तचाप (बीपी) जांच, शुगर टेस्ट, शरीर का तापमान जांचना, प्राथमिक उपचार, आदर्श दिनचर्या, ऋतुचर्या, तंबाकू मुक्त जीवन, पर्यावरण संरक्षण तथा वरिष्ठ नागरिकों, किशोरी बालिकाओं और गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी शामिल रही। विशेषज्ञों ने बताया कि आरोग्य मित्र एवं आरोग्य सखी ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनके माध्यम से गांव-गांव तक स्वास्थ्य संबंधी मूलभूत जानकारी पहुंचाने के साथ ही लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जा सकता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में आयुर्वेद विभाग से डॉ. जितेंद्र जोशी, हीरालाल सुथार, आयुष मित्र उषा जैन तथा शिक्षा विभाग से पीईईओ भूपेंद्र चौबीसा, इंदरलाल पांचाल, दलजी पटेल सहित विद्यालय स्टाफ ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। सभी के सामूहिक प्रयासों से प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।




## श्री महावीर कॉलेज में एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ, युवाओं को समाज सेवा से जोड़ने पर जोर

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर ।** श्री महावीर कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ उत्साह और ऊर्जा के साथ किया गया। कार्यक्रम में एनएसएस के जिला समन्वयक प्रो. गोविंद शरण शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को समाज सेवा से जोड़कर उनमें जिम्मेदारी, नेतृत्व और संवेदनशीलता की भावना विकसित करती है। ऐसे शिविर विद्यार्थियों को समाज की वास्तविक समस्याओं को समझने और उनके समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की प्रेरणा देते हैं।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आशीष गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के विशेष शिविर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, अनुशासन, सामाजिक जागरूकता और सेवा भाव को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से शिविर की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने और समाज के लिए सकारात्मक योगदान देने का आह्वान किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जितेंद्र सिंह बिदावत ने शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि सात दिवसीय शिविर के दौरान स्वच्छता अभियान, जनजागरूकता रैली, सामाजिक सेवा गतिविधियां, पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यक्रम तथा विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएंगे। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में सेवा, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित किया जाएगा। इस अवसर पर श्री महावीर दिगंबर जैन शिक्षा परिषद के अध्यक्ष उमरावमल संघी, मानद मंत्री सुनील बख्शी और कोषाध्यक्ष महेश काला ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए शिविर के सफल आयोजन की कामना की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।




## विज्ञान समिति, अशोक नगर में श्रीनिवास रामानुजन STEM लैब : सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** विज्ञान समिति, अशोक नगर में स्थापित श्रीनिवास रामानुजन STEM लैब झ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन पंजाब के माननीय राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया द्वारा किया गया। यह पहल विद्यार्थियों में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग एवं गणित आधारित नवाचार और प्रयोगात्मक शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर राज्यपाल महोदय ने विभिन्न राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों से संवाद किया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय, लाई का गुड़ा; महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, धनमंडी; तथा महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, पहाड़ा के विद्यार्थियों ने स्क्रैच प्रोग्रामिंग से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग तक के नवाचारी प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए, जिनकी राज्यपाल ने सराहना की।



मीडिया प्रभारी प्रोफेसर विमल शर्मा ने बताया कि उपस्थित विशिष्टअतिथियों द्वारा रळएट शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह केंद्र विद्यार्थियों को रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं उभरती तकनीकों में प्रयोग करने का अवसर देगा, जिससे समस्या समाधान क्षमता, रचनात्मकता और तकनीकी कौशल विकसित होंगे।कार्यक्रम में पूर्व सांसद श्री अर्जुन लाल मीणा, डॉ. ए.के. संचेती, अखिलेश जोशी, डॉ. कुंदन लाल कोठारी, डॉ. महीप भटनागर, मुनीश गोयल, डॉ. आर.के. गर्ग, राजेन्द्र कुमार चतुर, कैलाश चंद्र रावल तथा विद्यालय उद्यम एसोसिएशन से अश्वनी तिवारी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

डॉ के एल कोठारी ने बताया की सांसद अर्जुन मीणा द्वारा उपलब्ध कराई सांसद निधि से निर्मित इस स्टेट ऑफ आर्ट लैब के उपकरणो के लिए श्रीमती एवं डॉ अवंत कुमार सचेती द्वारा वित्तीय व्यवस्था करना अनुकरणीय है` आज पूर्ण रुप से स्वतंत्र कार्य करने हेतु विद्यार्थियों को सर्किटरी, रोबोटिक्स, कंप्यूटिंग व कॉडिंग, 3ऊ डिजाइनिग व प्रिंटिंग, वुड क्राफ्टिंग, वेल्डिंग, पीसीबी सोल्डरिंग, लेजर एंग्रेविंग सहित सभी अवश्यक सुविधा मोहिया कराई गई है

## आर. के. जिला चिकित्सालय में वृद्धजनों के लिए रामाश्रय शिविर 6 मार्च को

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**राजसमंद ।** आर के राजकीय जिला चिकित्सालय परिसर में 6 मार्च को वृद्धजनों के लिए विशेष रामाश्रय शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार 60 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों को समर्पित रहेगा, जिसमें उन्हें एक ही स्थान पर विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच, परामर्श एवं निःशुल्क दवाइयों की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रमेश रजक ने बताया कि शिविर में फिजिशियन, हड्डी रोग, मानसिक रोग, नेत्र रोग, नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ तथा फिजियोथैरेपिस्ट द्वारा वृद्धजनों की जांच एवं उपचार किया जाएगा। शिविर में वृद्धजनों की जटिल स्वास्थ्य समस्याओं जैसे याददाश्त में कमी, शरीर के अंगों की कार्यक्षमता में कमी, आंखों की कमजोरी, जोड़ों एवं घुटनों का दर्द, सुनने में परेशानी आदि की जांच कर उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही शिविर में ब्लड प्रेशर, डायबिटीज तथा आवश्यक खून की जांच भी की जाएगी। पात्र वृद्धजनों को चश्मा वितरण, सुनने की समस्या का निवारण तथा अन्य आवश्यक चिकित्सीय परामर्श भी प्रदान किए जाएंगे। शिविर के दौरान दिव्यांगजन प्रमाण पत्र तथा आभा आईडी बनाने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

## खबर संक्षेप

श्रीजी अरविन्द सिंह मेवाड़ की प्रथम पुण्यतिथि पर

### डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने नम आँखों से दी श्रद्धांजलि

उदयपुर @ पदमावत मीडिया। मेवाड़ के 76 वें श्री एकलिंग दीवान श्रीजी अरविन्द



सिंह मेवाड़ की प्रथम पुण्यतिथि पर डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने अपने पिता को नम आँखों से दी श्रद्धांजलि और कहा हदय आज भी उसी क्षण पर ठहरा है, जब आपने हमें छोड़ अनंत यात्रा आरम्भ की। आपने हमारी परम्परा, संस्कार और मान-सम्मान को सृजित, संरक्षित और गौरवान्वित किया। चैत्र कृष्ण की द्वितीया को श्रीजी अरविन्द सिंह मेवाड़ की प्रथम पुण्यतिथि पर सिटी पैलेस में श्रद्धांजलि सभा रखी गई जहां डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने राजमाता विजयराज कुमारी जी मेवाड़ और परिवार के सदस्यों के साथ पुष्पांजलि अर्पित की। मेवाड़ परिवार के बाद नगर वासियों, बाहर से आए अतिथियों, पेलेस स्टाफ आदि ने श्रद्धांजलि समर्पित की। पुष्पांजलि के दौरान राजस्थान के प्रसिद्ध लोक गायक छोटू सिंह रावणा द्वारा श्रीजी अरविंद सिंह मेवाड़ को समर्पित स्वरांजली प्रस्तुत की। इस अवसर पर श्रीजी अरविन्द सिंह मेवाड द्वारा किए गए 41 वर्षों के योगदान को याद किया गया। मेवाड़ के महाकवि स्वर्गीय पण्डित नरेन्द्र मिश्र की लिखी कुछ पंक्तियां इस अवसर पर उन्हें श्रद्धा-सुमन समर्पित की गई :

जिसने पुरखों की गरिमा का पावन सपना साकार किया।
महलों की अमर विरासत को नयनाभिराम आकार दिया।।
अरविन्द मिसाल बने जग में माटी का कर्ज चुकाने में।
दीपक से जलते रहे सदा मेवाड़ी फर्ज निभाने में।।
अरविन्द आपकी निष्ठा ने कुछ ऐसा पावन पुण्य किया।
मेवाड़ वंश के वैभव को तुमने अखण्ड अक्षुण्य किया।।

### पंचगौरव कार्यक्रम एक जिला एक खेलण शिविर 05 से 20 मार्च 2026 तक

डूंगरपुर @ पदमावत मीडिया। राजस्थान सरकार के पंच गौरव कार्यक्रम के अन्तर्गत एक जिला एक खेल हॉकी के 15 बालक व



15 बालिका खिलाडी भ्रमण शिविर उदयपुर हेतु आज 05 मार्च 2026 को रवाना हुए। जिला खेल अधिकारी नरेश डामोर ने बताया कि खिलाडियो को 15 दिन तक हॉकी एस्टोटर्फ मैदान पर अन्तराष्ट्रीय खिलाडी एवं ओलम्पियन सुजीत कुमार सिंह गहन प्रशिक्षण देकर हॉकी खेल की तकनीकी जानकारी देगे। खिलाडियों को सरकार की और भोजन, आवास, चिकित्स, खेल उपकरण एवं खेल कीट की व्यवस्था उपलब्ध करवाई जाएगी। अतः जानकारी नानुराम डेण्डोर प्रशासनिक अधिकारी खेल विभाग डूंगरपुर ने दी।

### वल्लभकुल वैष्णवाचार्य श्री वागधीश जी महाराजश्री देंगे वचनामृत

उदयपुर @ पदमावत मीडिया। शहर के शोभागपुरा स्थित अशोका पैलेस के मधुश्री बैंक्वेट हॉल में भक्ति और रंगों का अनूठा



संगम फूल फाग रसिया आयोजित होने जा रहा है। बिजनेस सर्कल इंटरनेशनल के फाउंडर एंड चैयरमेन मुकेश माधवानी ने बताया कि श्री विट्ठलेश मंडल, कुमावत कीर्तनकार भक्त मंडल और बिजनेस सर्कल इंटरनेशनल के संयुक्त तत्वावधान में 8 मार्च को 4:00 बजे से कार्यक्रम की शुरूआत होगी, जो 7.30 बजे तक चलेगा। कुमावत कीर्तनकार भक्त मंडल के विजय कुमावत ने बताया कि महोत्सव में द्वितीयपीठ श्री विट्ठलनाथजी मंदिर के वल्लभकुल वैष्णवाचार्य 108 श्री वागधीश जी महाराजश्री की पावन उपस्थिति में फाग के पद गाए जाएंगे। महोत्सव में भक्तों को प्रभु भक्ति के साथ-साथ पुष्टिमार्गीय परंपराओं का आनंद मिलेगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को पूरी तरह पारंपरिक स्वरूप देने के लिए एक विशेष ड्रेस कोड निर्धारित किया गया है। उत्सव में शामिल होने वाली महिलाएं फागनिया साड़ी और पुरुष धोती-बुगलबंडी या कुर्ता-पजामा धारण कर मर्यादित वेशभूषा में पधारेंगे।

## कैट फिएस्टा 2026 : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला शक्ति का भव्य उत्सव

# कैट आइकन अवार्ड में अपने बलबूते पर मुकाम हासिल करने वाली 101 विभूतियों का हुआ सम्मान

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पावन अवसर पर कैट विमेन विंग उदयपुर द्वारा अशोका ग्रीन, उदयपुर में कैट फिएस्टा 2026 का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। यह विशेष उत्सव महिला सशक्तिकरण, संस्कृति, सम्मान, स्वास्थ्य एवं सकारात्मकता पर आधारित रहा।

कैट विमेन विंग की अध्यक्ष एवं मेवाड़ रीजन इंचार्ज विजयलक्ष्मी गलूंडिया ने बताया कि यह आयोजन विशेष रूप से उदयपुर की महिलाओं को समर्पित था, जहाँ उन्हें अपने हुनर, आत्मविश्वास और उपलब्धियों को प्रदर्शित करने का मंच प्रदान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी, पूर्व महापौर रजनी डांगी, जहां आई वी एफ डायरेक्टर डॉ. निशा अग्रवाल, डी प्लस शानदार डायरेक्टर रुकसाना साबुनेवाला, रॉकवुड स्कूल की निदेशक अलका मूंदड़ा, एनआईसीसी की निदेशक डॉ. स्वीटी छाबड़ा, समाजसेवी पुष्पा कोठारी, यूसीसीआई अध्यक्ष मनीष गलूंडिया, समाजसेवी मधु सरीन, कैट उदयपुर चैप्टर अध्यक्ष दिनेश चोरडिया एवं महामंत्री महेंद्र तलेसरा के करकमलों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। सचिव डॉ सोनू जैन ने बताया कि कैट आईकॉन अवार्ड में 101 विभूतियों का सम्मान किया गया।जिसमें 27 महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियों हेतु कैट





### 27 विभूतियों को कैट स्टार आइकन अवार्ड से नवाजा

नारी शक्ति को समर्पित यह आयोजन सफलता की नई मिसाल बन गया। कैट स्टार आइकॉन अवार्ड संयोजिका संगीता मूंदड़ा,डॉ. रेखा सोनी, सी ए शानू लोढ़ा, विजेता मेहता ने बताया कि 101 विभूतियों में 27 विभूतियों को कैट स्टार आइकन अवार्ड से नवाजा गया वो निम्न है। साक्षी भट्ट, पूजा छाबड़ा, ऐश्वर्या सिंह, हसीना चक्कीवाला, सुधा कावडि, अंजली दुबे, रुखसाना साबुनवाला, डॉ. गुनीत मोंगा, शानू लोढ़ा, डॉ. संगीता गुप्ता, संगीता धर, प्रेम नाहर, आशा मेहता, डॉ. सिम्मी सूद, मीनल जैन, प्रियंका अर्जुन, पलक जैन, नवनीत कौर छाबड़ा, मधु अग्रवाल, कृति शर्मा, महक सनाढ्य, कृतिका चौबीसा, आशा पांडे, शैली श्रीवास्तव, श्रेष्ठा कोठारी, हीरा सरीन एवं सोनल कंठालिया। संयोजिका कविता बलदवा ने बताया कि कार्यक्रम का समापन फूलों की होली से हुआ जिसमें उपस्थिति महिलाओं ने जमकर फूलों की होली खेली।

स्टार आइकन अवार्ड प्रदान किया गया। वहीं 75 महिलाओं को घर और करियर दोनों की जिम्मेदारियाँ सफलतापूर्वक निभाने के लिए कैट आइकन अवार्ड से सम्मानित किया गया। सचिव डॉ. सोनू जैन ने बताया कि संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी ने अपने उद्बोधन में कहा कि फिएस्टा एक राष्ट्रीय संगठन है, जो व्यापारियों के हितों के लिए निरंतर कार्यरत है और महिला दिवस पर इस प्रकार का आयोजन अत्यंत सराहनीय है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं पूर्व महापौर रजनी डांगी ने कहा कि यह बिजनेस वूमन का सशक्त समूह है और आने वाले समय में अधिकाधिक महिलाएँ इससे जुड़ेंगी। कार्यक्रम संयोजिका नयना जैन ,चयनिका गलूंडिया, रुचि चोरडि, प्रीति सोगानी, नवनीत कौर छाबड़ा एवं दीपमाला मेवाड़ा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारतीय सामान हमारा स्वाभिमान मुहिम के तहत शॉपिंग कार्निवल फिएस्टा के अंतर्गत 50 से अधिक ज्वेलरी, बुटीक, फूड स्टॉल, होम डेकोर एवं अन्य उत्पादों के आकर्षक स्टॉल लगाए गए, जहाँ उदयपुर की जनता ने जमकर खरीदारी की और स्थानीय महिला उद्यमियों को प्रोत्साहन दिया।

मेडिकल कैंप संयोजिका डॉ बलदीप शर्मा, कविता जैन एवं मीनाक्षी पालीवाल ने बताया कि निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर महिलाओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए निःशुल्क मेडिकल चेकअप कैंप भी आयोजित किया गया, जिसमें एपेक्स, हॉस्पिटल,मैग्नस हॉस्पिटल, एएसजी आई हॉस्पिटल, शर्मा वूमेन्स हेल्थ फिजियोथेरेपी क्लिनिक, मेटा फिट एंड लॉन्ग लाइफ वेलनेस द्वारा बीपी, शुगर, बीएमआई, बीएमडी कैल्शियम एवं आई-टेस्ट जैसी जांचें एवं परामर्श निःशुल्क प्रदान किए गए। मनोरंजन - फिल्मिस्तान हाउजी संयोजिका ललिता सियाल, कल्पना चोरडि , स्नेहा मलानी, जया जेतावत, कृतिका बलदवा, सीमा मेहता, पूनम काबरा ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण फिल्मीस्थान हाउजी रहा, जिसमें फिल्मी अभिनेताओं और अभिनेत्रियों पर आधारित रोचक प्रस्तुति दी गई। डॉ. श्रद्धा गट्टानी एवं विजयलक्ष्मी गलूंडिया द्वारा प्रस्तुत इस मनोरंजक आयोजन में प्रतिभागियों ने फिल्मी गीतों के साथ खूब आनंद लिया और आकर्षक उपहार जीते। विभिन्न फूड स्टॉल्स पर लजीज और विविध प्रकार के व्यंजन उपलब्ध रहे, जिनका उपस्थित जनसमूह ने भरपूर आनंद उठाया। कुल मिलाकर कैट फिएस्टा 2026 महिला सशक्तिकरण, सम्मान और उत्साह का एक अविस्मरणीय उत्सव साबित हुआ, जिसने उदयपुर की महिलाओं को नई ऊर्जा, आत्मविश्वास और पहचान प्रदान की।

## महावीर इंटरनेशनल उदयपुर : महावीर फिजियोथैरेपी सेंटर में अत्याधुनिक क्रायोथेरेपी मशीन का शुभारंभ

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**उदयपुर।** सेवा, समर्पण और संवेदनशीलता के मूल मंत्र के साथ कार्यरत महावीर इंटरनेशनल उदयपुर केंद्र द्वारा न्यू अहिंसा पुरी स्थित महावीर फिजियोथैरेपी सेंटर में सेवाओं का निरंतर विस्तार किया जा रहा है। इसी क्रम में केंद्र पर अत्याधुनिक क्रायोथेरेपी मशीन का शुभारंभ वीर सीए जसवंत सिंह बाबेल द्वारा द्वारा किया गया। केंद्र के अध्यक्ष रविंद्र सुराणा ने जानकारी देते हुए बताया कि क्रायोथेरेपी मशीन अत्यधिक ठंड का उपयोग कर शरीर के ऊतकों को नियंत्रित रूप से शीतित करती है, जिससे दर्द, सूजन एवं त्वचा संबंधी समस्याओं में प्रभावी राहत मिलती है। यह मशीन पुरानी चोटों में लाभकारी है, रिकवरी की प्रक्रिया को तेज करती है तथा रक्त संचार को संतुलित करने में सहायक है। विशेष रूप से एथलीट्स एवं विभिन्न चिकित्सा उपचारों में इसका व्यापक उपयोग होता है। फिजियोथैरेपी सेवाओं में यह मशीन एक महत्वपूर्ण तकनीकी उपलब्धि सिद्ध होगी। अध्यक्ष सुराणा ने बताया कि फिजियोथैरेपी सेंटर पिछले चार वर्षों से नियमित रूप से संचालित हो रहा है और उदयपुर शहर में सबसे कम लागत पर आमजन को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। बीपीएल परिवारों एवं दिव्यांगजनों के लिए यह सुविधा पूर्णतः निःशुल्क है। सामान्य नागरिकों के लिए प्रतिदिन मात्र 100 में फिजियोथैरेपी की सुविधा दी जाती है तथा सप्ताह में छह दिन की थेरेपी हेतु केवल 500 शुल्क निर्धारित है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज इस केंद्र का लाभ ले रहे हैं। अस्थि रोग विशेषज्ञ के मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार को वरिष्ठ अस्थिरोग विशेषज्ञ एवं संस्था सदस्य वीर डॉ. अजय कुमार सांखला की सेवा निशुल्क हैं। इसी केंद्र परिसर में महावीर उपकरण बैंक की स्थापना भी की गई है, जहां से वर्तमान में वॉकर, वाकिंग स्टिक, सक्शन मशीन, एयर बेड ,कमोड चेयर, बेड सेमी फोल्डर ,आईसीयू बेड, व्हीलचेयर मशीन सहित अन्य आवश्यक चिकित्सा उपकरण निःशुल्क उपलब्ध करवाए जाते हैं। इस सेवा हेतु संयोजक वीर राजेंद्र भंडारी (मो. 94148 51061) एवं सचिव वीर सुरेश बड़ीवाल (मो. 94141 61395) से संपर्क किया जा सकता है। केंद्र पर सेवाएं प्रतिदिन प्रातः 9.30 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक प्रदान की जाती हैं। अध्यक्ष सुराणा ने बताया कि हाल ही में केंद्र द्वारा 305 विद्यार्थियों को 11 लाख रुपये की छात्रवृत्ति वितरित की गई, जो अब तक की सर्वाधिक राशि है। इसके अतिरिक्त विगत 150 दिनों में 237 सेवा प्रकल्प पूर्ण किए गए हैं। केंद्र के वीर दौलत सिंह जी भंसाली एवं वीर दिलीप सुराणा के सहयोग से फतेहसागर, पिछोला, गुलाब बाग एवं दूध तलाई क्षेत्र में प्रतिदिन पक्षियों एवं मछलियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था की जा रही है। जनाना एवं बाल चिकित्सालय में नियमित रूप से बेबी किट, पेटिकोट एवं अन्य आवश्यक सामग्री का वितरण किया जाता है। जीव दया प्रकल्प के अंतर्गत गौवंश को हरा चारा तथा जरूरतमंदों को भोजन भी उपलब्ध कराया जा रहा है। क्रायोथेरेपी मशीन के उद्घाटन अवसर पर केंद्र के वीर सुरेश बड़ीवाल, वीर अशोक खुर्दिया, मुख्य संयोजक वर्धमान मेहता, जॉन सचिव वीर राजकुमार नलवाया, ए.के. श्रीमाली, वीर जसवंत वर्डिया, वीर राजेंद्र सिंह भंडारी, जे.एस. बाबेल, वीर कमल कुमार जैन, डॉ. अजय कुमार सांखला सहित 40 से अधिक सदस्य उपस्थित थे।

## महिला दिवस सप्ताह पर योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु कार्यशाला आयोजित



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**भीलवाड़ा।** महिला दिवस सप्ताह के अवसर पर जिला स्तर पर महिला अधिकारिता विभाग द्वारा विभागीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। उपनिदेशक नगेन्द्र कुमार तोलम्बिया ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देना और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने आरएससीआईटी, शिक्षा सेतु योजना, मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह एवं अनुदान योजना तथा लाडो प्रोत्साहन योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केन्द्र की केन्द्रप्रबंधक गंगा दाधीच ने बताया कि सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण, सुरक्षा और आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित कर रही है, जिनसे शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार और सामाजिक उत्थान से जुड़ी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। कार्यशाला में विभिन्न ब्लॉकों से आई सुपरवाइजर्स, वन स्टॉप सेंटर (सखी) और महिला सुरक्षा एवं सम्मान केन्द्र के काउंसलर्स ने अपने विचार व्यक्त किए तथा योजनाओं से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका अधिकारियों द्वारा समाधान किया गया। साथ ही महिलाओं को घरेलू हिंसा, बाल विवाह और उत्पीड़न जैसी सामाजिक समस्याओं के प्रति जागरूक रहने तथा किसी भी परेशानी की स्थिति में संबंधित विभागों व सहायता केन्द्रों से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया।

## नगर निगम जयपुर ने वसूला 31 हजार 500 रुपये का कैरिंग चार्ज

जयपुर @ पदमावत मीडिया। नगर निगम जयपुर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देशानुसार एवं पूर्व से प्राप्त शिकायतों पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में गुरूवार को सतर्कता शाखा की द्वारा नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में राजापार्क, नारायण सिंह सर्किल, शान्ति नगर गोपालपुरा मोड़, गोपालपुरा बाईपास, कांटा चैराहा एवं सचिवालय विहार सेन्ट्रल पार्क मानसरोवर से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध 31 हजार 500 रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 3 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता ने बताया कि नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में राजापार्क, नारायण सिंह सर्किल, शान्ति नगर गोपालपुरा मोड़, गोपालपुरा बाईपास, कांटा चैराहा एवं सचिवालय विहार सेन्ट्रल पार्क मानसरोवर से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्रवाई के दौरान 3 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 31 हजार 500 रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाइष करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा कार्रवाई होगी।

## उदयपुर में सिविल सेवकों का खेल महाकुंभ शुरू

# 12वीं अंतसंभागीय सिविल सेवा खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ





पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** झीलों की नगरी उदयपुर के महाराणा प्रताप खेलगांव में गुरुवार से 12वीं अंतसंभागीय सिविल सेवा खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज उत्साह और खेल भावना के साथ हुआ। जिला कलेक्टर नमित मेहता ने ध्वजारोहण कर प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया और खिलाड़ियों को खेल भावना व अनुशासन के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने की शपथ दिलाई। महाराणा प्रताप खेलगांव स्थित क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित उद्घाटन समारोह में आयुक्त उपनिवेशन नवनीतकुमार, अतिरिक्त संभागीय आयुक्त सीआर देवासी, एडीएम दीपेंद्र सिंह राठौड़, अतिरिक्त आयुक्त देवस्थान गितेशश्री मालवीया, समाजसेवी गजपालसिंह, चंद्रगुप्त सिंह चौहान, प्रदीप रवानी, जया मीणा सहित कई अधिकारी और गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। प्रारंभ में जिला कलक्टर श्री मेहता ने ध्वजारोहण कर प्रतियोगिता शुभारंभ किया। उन्होंने प्रतियोगिता के उद्घाटन की घोषणा करने के साथ ही खिलाड़ियों को शपथ दिलाई। जिला कलक्टर ने सभी संभागों से आई टीमों के प्रभारियों से परिचय प्राप्त कर खेलों के लिए शुभकामनाएं दी। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रतियोगिता को खेल प्रतिभा और आपसी समन्वय को बढ़ाने वाला मंच बताया।

# धर्म धरोहर की रक्षा के लिए सजग प्रहरी बन कर कार्य करें : जिनेन्द्र सूरि

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**माणकमल भंडारी**





**पालीताना / भीनमाल ।** बैंगलोर जैन सेवा मंडल के तत्वावधान में पन्द्रह दिवसीय धार्मिक स्थलों की व्यवस्था के लिए आयोजित प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर आयोजित उदघाटन समारोह में जिनेन्द्र सूरि ने अपने उदगार प्रकट करते हुए कहा कि आप सब लोग धर्म की रक्षा के लिए सजग प्रहरी बन कर कार्य करें। उन्होंने भीनमाल के समीप धानपुर स्थित आशापुरी मंदिर का उदाहरण देते हुए कहा कि पुजारी एवं व्यवस्थापक के क्या कर्तव्य होते हैं। जिनेन्द्र सूरि ने प्रगति, विकृति एवं संस्कृति की चर्चा करते हुए कहा कि हमें इनमें से किसको चुनना है। न्याय से कमाया हुआ धन ही काम आता है तथा एक दीपक जलाने पर वह सब दीपक जला देता है। धेर्यचंद्र सागर महाराज ने कहा कि जीवन विकास के साथ आत्मा का विकास भी जरूरी है। उन्होंने पालीताना की चर्चा करते हुए कहा कि यहां पर भिखारी को दान, गाय को घास तथा पुजारी को इनाम नहीं देना चाहिए। इन बातों की पालना से ही पालीताना की व्यवस्था सुधर सकती हैं। शासन सेवा की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि आप सब ऐसा कार्य करें, जिससे जैन धर्म का डंका बज जाए।

जैन सेवा मंडल के अध्यक्ष वसंत भाई वेदमुथा ने सभी का स्वागत करते हुए प्रशिक्षण शिविर की कार्य योजना पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने भावी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए समाज उत्थान के लिए कई उदाहरण प्रस्तुत किये। सभी धर्मों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि जीव मात्र की दया ही इसका मूल मंत्र है। उन्होंने त्याग, तपस्या और शक्ति की चर्चा करते हुए कहा कि इनके बल पर ही प्रत्येक कार्य सफल हो सकता है। कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए विमल गुरुजी ने प्रशिक्षण शिविर की आवश्यकता क्यों पड़ी, इस पर विस्तार से अपनी बात रखी। उन्होंने सभी का मार्ग दर्शन भी किया। महावीर स्वामी जैन मंदिर के न्यासी माणकमल भंडारी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशिक्षण शिविर में आये हुए सभी बंधुओं का एक ही उद्देश्य होना चाहिए कि वे अपने कार्य से समाज में नई सोच पैदा करें। भंडारी ने कहा कि जैन समाज में ऐसी नई अलख जगाने का काम करें ताकि उससे आपकी पहचान बन सकें। इस अवसर पर जैन साध्वी विरागदर्शिता, वैभवदर्शिता, शीलवृत्ता, दर्शनप्रज्ञा, विनय भाई के साथ पूरे देश के विभिन्न राज्यों के करीब 60 बंधु जो प्रशिक्षण के लिए आये है।

### उदयपुर-जयपुर रेल यात्रियों के लिए बड़ी राहत

## पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया के प्रयासों से ट्रेनों के समय में हुआ बदलाव

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** मेवाड़ और राजस्थान के रेल यात्रियों के लिए एक अच्छी खबर है। पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया की पहल पर रेल मंत्रालय ने जयपुर जंक्शन पर दो प्रमुख ट्रेनों के समय में बदलाव किया है। इस निर्णय से यात्रियों को अब जयपुर में ट्रेन बदलने के लिए पर्याप्त समय और बेहतर कनेक्टिविटी मिल सकेगी।

### कनेक्टिविटी की समस्या हुई दूर

अब तक ट्रेन संख्या 19665 (खजुराहो-उदयपुर सिटी) और ट्रेन संख्या 12249 (शाकुर बस्ती-जैसलमेर) का जयपुर पहुँचने का समय लगभग एक जैसा था। इस कारण यात्रियों, विशेषकर सैनिकों और बुंदेलखंड की ओर जाने वाले लोगों को ट्रेन बदलने में काफी असुविधा होती थी।

### यह हुआ बदलाव

रेल मंत्रालय द्वारा जारी नए शेड्यूल के अनुसार शाकुर बस्ती-जैसलमेर एक्सप्रेस-अब जयपुर जंक्शन पर रात्रि 10.50 बजे पहुँचेगी और 11 बजे प्रस्थान करेगी। खजुराहो- उदयपुर सिटी एक्सप्रेस- यह ट्रेन अपने पुराने समय से 10 मिनट पहले जयपुर पहुँचेगी।

### सैनिकों और आम नागरिकों को सीधा लाभ


राज्यपाल कटारिया ने यात्रियों की इस समस्या को लेकर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की थी। इस बदलाव से ग्वालियर, आगरा, मुरैना, धौलपुर और बुंदेलखंड के यात्रियों को लाभ होगा। विशेष रूप से पश्चिमी राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनात जवानों के लिए अब जयपुर में ट्रेन बदलना आसान हो जाएगा। उदयपुर के निवासियों ने इस सकारात्मक कदम के लिए खुशी जाहिर की है।

## खिलाड़ियों ने मैदान में दिखाई प्रतिभा

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** उदयपुर में गुरूवार से प्रारंभ हुई 12वीं अंतसंर्भागीय सिविल सेवा खेलकूद प्रतियोगिता में पहले दिन रोमांच मुकाबले हुए। इसमें खिलाड़ियों ने मैदान में दमखम दिखाया। जिला खेल अधिकारी डॉ महेश पालीवाल ने बताया कि गुरूवार को खेले गए बॉस्केटबॉल मैचों में जयपुर ने जोधपुर, बीकानेर ने जयपुर मुख्यालय, उदयपुर ने अजमेर, कोटा ने भरतपुर तथा उदयपुर संभाग ने भरतपुर को हराया। क्रिकेट में जयपुर मुख्यालय ने उदयपुर को 32 रन से हराया। इसी प्रकार जयपुर संभाग ने भरतपुर को 9 विकेट, बीकानेर ने भरतपुर को 45 रन, अजमेर ने जयपुर मुख्यालय को 8 विकेट, जोधपुर ने जयपुर संभाग को 4 विकेट, उदयपुर ने कोटा को 8 विकेट तथा कोटा ने अजमेर को 108 रनों से पराजित किया। टेबल टेनिस महिला वर्ग में उदयपुर ने जयपुर, जयपुर ने जोधपुर, उदयपुर ने बीकानेर व बीकानेर ने जोधपुर को हराया। टेबल टेनिस पुरूष वर्ग में बीकानेर ने जयपुर मुख्यालय, जयपुर संभाग ने भरतपुर, बीकानेर ने जयपुर संभाग, भरतपुर ने जयपुर संभाग को पराजित किया। कोटा ने अजमेर, जोधपुर ने जयपुर और अजमेर को मात दी। वॉलीबाल पुरूष वर्ग में बीकानेर ने उदयपुर, जोधपुर ने जयपुर मुख्यालय, उदयपुर ने जयपुर मुख्यालय, अजमेर ने कोटा, जयपुर ने भरतपुर तथा अजमेर ने जयपुर संभाग को पराजित किया। कबड्डी महिला वर्ग में अजमेर ने बीकानेर, जयपुर मुख्यालय ने भरतपुर, जयपुर संभाग ने उदयपुर को हराया। जोधपुर टीम के नहीं आने पर कोटा को लीग मैच में विजयी घोषित किया गया। वहीं पुरूष वर्ग में भरतपुर ने उदयपुर को हराया।

## लेफ्टिनेंट लक्ष्य के पहली बार उदयपुर लौटने पर 8 मार्च को होगा भव्य स्वागत

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** मेवाड़ के लाल लेफ्टिनेंट लक्ष्य गौड चेन्नई के ऑफिशियल ट्रेनिंग एकेडमी में अपना ट्रेनिंग पूरी कर आगामी 8 मार्च को अपने शहर झीलों की नगरी में पहली बार आगमन पर भव्य स्वागत एव रोड शो का आयोजन किया जाएगा। लेफ्टिनेंट लक्ष्य के दादाजी स्व. कमलेश कुमार गौड भी सेना में सेवाएं दे चुके हैं। उन्हीं के नक्शे कदम पर पोत्र लक्ष्य देश सेवा का जज्बा लिए हुए सेना में शामिल हुए। लेफिटनेंट लक्ष्य एक साल से चेन्नई के ओटीए में ट्रेनिंग प्राप्त कर रहे थे। पिता शरद कुमार गौड ने बताया कि बेटे लक्ष्य का नेवी एव एयर फोर्स में सलेक्शन होने के बावजूद लक्ष्य ने आर्मी में जाना तय किया। ऑर्मी में आगे बढते हुए लक्ष्य लेफ्टिनेंट की रेंक की ट्रेनिंग की। लेफ्टिनेंट बनने के बाद लक्ष्य 8 मार्च को पहली बार उदयपुर आगमन पर चन्दनवाडी फार्म हाउस न्यू भूपालपुरा से आशीर्वाद नगर सुरभि विहार तक रोड शो का आयोजन होगा। देश की सेवा के लिए समर्पित लक्ष्य ने पूरे क्षेत्र का मान बढाया है।



## राज्य स्तरीय युवा प्रतिभा पुरस्कार प्रतियोगिता हेतु आवेदन आमंत्रित

### आवेदन की अंतिम तारीख 11 मार्च तक

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर द्वारा आयोजित होने वाली युवा प्रतिभा पुरस्कार प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छुक युवाओं से आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर के निदेशक फुरकान खान ने युवा प्रतिभा पुरस्कार प्रतियोगिता के बारे में बताया कि 18 से 30 वर्ष की मध्य की आयु वाले युवाओं की विभिन्न प्रतिभाएं यथा लोक गायन, लोक नृत्य, लोक वाद्य वादन तथा लोकनाट्य को एक राज्य स्तरीय मंच देने एवं उनकी कलाओं को प्रोत्साहित करने एवं राज्य/देश स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में इस वर्ष की प्रतियोगिता 14 मार्च 2026 शनिवार को शिल्पग्राम उदयपुर में सुबह 10 बजे से आयोजित की जायेगी। इच्छुक युवा आवेदन सादे कागज पर बागोर की हवेली गणगौर घाट उदयपुर में 11 मार्च 2026 सायं 5 बजे तक जमा करा सकते है। अपनी उम्र के प्रमाण हेतु शैक्षणिक अंक तालिका साथ लानी अनिवार्य होगी। इस संबंध में अतिरिक्त जानकारी आप पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, उदयपुर के फेसबुक पेज तथा वेबसाइट www.wzccindia.com पर प्राप्त कर सकते हैं।

### फतहसागर की पाल पर उदयपुर के पंच गौरव का संगम

# जिला स्तरीय पंच गौरव मेला एवं प्रदर्शनी का शुभारंभ

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com






**उदयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर प्रारंभ किए गए पंच गौरव कार्यक्रम के तहत जिला कलक्टर नमित मेहता के निर्देशन में जिला स्तरीय पंच गौरव मेला एवं प्रदर्शनी का शुभारंभ गुरूवार से फतहसागर की पाल पर हुआ। जिले की विशिष्ट पहचान, प्राकृतिक संपदा और सांस्कृतिक विरासत को जिला स्तर पर स्थापित करने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया यह मेला 7 मार्च तक चलेगा। इसमें जिले के पंच गौरव से जुड़ी जानकारी तथा उत्पादों को प्रदर्शित किया गया हैं। वहीं युवाओं के लिए सांस्कृतिक एवं अन्य आयोजन भी किए जा रहे हैं।

जिला स्तरीय पंच गौरव मेले का शुभारंभ गुरूवार शाम को पंच गौरव कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष एवं जिला कलक्टर नमित मेहता ने फीता काट कर किया। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर जितेंद्र ओझा एवं एसडीएम गिर्वा अवुला साईकृष्ण भी बतौर अतिथि उपस्थित रहे। प्रारंभ में पंच गौरव सदस्य सचिव पुनीत शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। जिला कलक्टर श्री मेहता ने मेले में सजी स्टाल्स का बारिकी से अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मेला स्थल पर एक जिला एक उत्पाद-मार्बल एवं ग्रेनाईट, एक जिला एक उपज-सीताफल, एक जिला एक वनस्पति प्रजाति-महुआ, एक जिला एक खेल-तैराकी, एक जिला एक पर्यटन स्थल-फतेहसागर एवं पिछोला के समग्र विकास एवं संरक्षण की अवधारणा को केंद्र में रखकर प्रदर्शनी और गतिविधियों का आयोजन किया गया।

उद्यानिकी विभाग की ओर से सीताफल उत्पादों से जुड़ी स्टाल्स सजाई गई। साथ ही वन विभाग और राजीविका के माध्यम से महुआ उत्पादों से जुड़ी जानकारी भी प्रदर्शित की गई है। पर्यटन विभाग ने पिछोला और फतहसागर सहित जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों के संबंध में जानकारी व प्रसार सामग्री प्रदर्शित की। जिला उद्योग केंद्र के माध्यम से 5 स्टाल्स पर स्टोन मार्ट सजा गया। इसमें जिले में मिलने वाले मार्बल-ग्रेनाईट की विभिन्न वैरायटी के साथ उनके उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है। खेल विभाग ने तैराकी खेल से जुड़ी जानकारियां सांझा की। वहीं शिक्षा विभाग ने पंच गौरव साक्षरता क्लब के माध्यम से हुई प्रतियोगिताओं के विजेताओं की कलाकृतियां प्रदर्शित की। कार्यक्रम के दौरान उप वन संरक्षक मुकेश सैनी, जिला उद्योग केंद्र महाप्रबंधक शैलेंद्र शर्मा, उपनिदेशक उद्यानिकी डा कैलाशचंद्र शर्मा, संयुक्त निदेशक पर्यटन सुनीता सरोच, उपनिदेशक शिखा सक्सेना, जिला खेल अधिकारी डॉ महेश पालीवाल, मार्बल एसोसिएशन से हितेष पटेल सहित कई अधिकारी, कर्मचारी तथा आमजन उपस्थित रहे।

### कठपुतली के माध्यम से समझाया महत्व

मेला स्थल पर लोक कलाकारों ने कठपुतली के माध्यम से जिले के पंच गौरव और उनका महत्व समझाया। मनोरंजन अंदाज में दी गई प्रस्तुतियों को अतिथियों और आमजन ने बहुत सराहा।


### कयाकिंग प्रदर्शन का अवलोकन

आयेजन स्थल पर खेल विभाग की ओर से कयाकिंग प्रदर्शन भी रखा गया। कयाकिंग व कैनाईंग के राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों ने तनिष्क पटवा के निर्देशन में फतहसागर झील में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिला कलक्टर ने भी रेस्क्यू बोट के माध्यम से अवलोकन किया।

### यह भी है आकर्षण

पंच गौरव मेला स्थल पर फूड कोर्ट भी उपलब्ध है। इसमें मेलार्थी स्थानीय चटपटे व्यंजनों का स्वाद ले सकत हैं। इसके अलावा सेल्फी पोईंट भी बनाया गया है, जिसके माध्यम से लोग पंच गौरव मेले से जुड़ी यादें और विश्व प्रसिद्ध फतहसागर झील की नैसर्गिक सुंदरता को कैमरे में कैद कर सकते हैं।






# अनिल की किस्मत चमकी

**व्हील** ऑफ फॉर्च्यून के नए प्रोमो में सूबेदार की स्टारकास्ट अनिल कपूर, राधिका मदन और सौरभ शुक्ला पहुंचे. गेम के दौरान अनिल कपूर की सुई 1 लाख पर रुकती है और फिर 1 करोड़ के करीब पहुंचकर बड़ा सस्पेंस छोड़ जाती है. जानिए प्रोमो में क्या-क्या हुआ. व्हील ऑफ फॉर्च्यून के लेटेस्ट प्रोमो में फिल्म सूबेदार की स्टारकास्ट अनिल कपूर, राधिका मदन और सौरभ शुक्ला शो में पहुंचते नजर आते हैं. उनके आने से पूरे सेट पर मजेदार माहौल बन जाता है. शो में हंसी-मजाक के साथ गेम भी खेला जाता है, लेकिन प्रोमो में सबसे ज्यादा ध्यान उस ट्विस्ट ने खींचा जब गेम के दौरान बड़ी रकम दांव पर लगती दिखी. आइए प्रोमो की पूरी अपडेट बताते हैं.

### ऑडियंस से अक्षय का मजेदार सवाल

प्रोमो की शुरुआत में शो के होस्ट अक्षय कुमार ऑडियंस से एक मजेदार सवाल पूछते हैं. वह कहते हैं कि अनिल कपूर, राधिका मदन और सौरभ शुक्ला में से कौन सबसे ज्यादा पैसे जीतकर जाएगा, इसके लिए हाथ उठाकर बताइए. इसके बाद ऑडियंस अपने पसंदीदा कलाकार के लिए हाथ उठाती है और सेट पर हल्का-फुल्का मजाक और हंसी का माहौल बन जाता है.



# विजय और रश्मिका ने गांव के बच्चों के लिए की छात्रवृत्ति की घोषणा

**रश्मिका** मंदाना और विजय देवरकोंडा हाल ही में शादी के बंधन में बंधे हैं, और तब से ही कपल सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहे हैं। अब उन्होंने एक बड़ी घोषणा की है।

साउथ इंडस्ट्री की सबसे चर्चित जोड़ी रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा ने अपने वैवाहिक जीवन की शुरुआत एक बेहद खास और सकारात्मक कदम के साथ की है। उन्होंने शादी के कुछ ही दिनों में एक बड़ी घोषणा की है, जिसकी लोग काफी सराहना कर रहे हैं।

### कपल की ओर से सराहनीय पहल

विजय-रश्मिका ने बताया कि वे तालुक के 44 सरकारी स्कूलों के कक्षा 9 और 10 के छात्रों को स्कॉलरशिप देंगे, ताकि उनके भविष्य में पढ़ाई-लिखाई के लिए आर्थिक मदद मिल सके।

इस घोषणा को सुनते ही गांव के बच्चों और परिवारों ने खुशी से तालियां बजाई और दोनों कलाकारों को बधाइयां दीं। विजय ने भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर बच्चों की स्टोरीज डालकर खुशी जाहिर की।

**बच्चों के लिए स्कॉलरशिप योजना की घोषणा**

**बस कुछ ही दिन की बात है, फिर सिनेमाघरों में एक बार फिर रणवीर सिंह का तूफान देखने को मिलेगा. उनकी अगली फिल्म 'धुरंधर' का सीक्वल तैयार है, जिसके ट्रेलर का फैन्स को अब भी इंतजार है. लेकिन इस फिल्म की बढ़ती मांग के बीच अक्षय कुमार ने भी तगड़ी स्ट्रेटजी तैयार की है. सूर्यवंशी ने अपना रास्ता बनाने के लिए सिम्बा का हाथ थाम लिया है. जानिए 19 मार्च को कैसे 'धुरंधर 2' के साथ अक्षय कुमार भी धमाल मचाने वाले हैं. खिलाड़ी कुमार ने कौन सा सबसे बड़ा दांव खेल लिया है.**

# अकेले नहीं आएंगे रणवीर, 'धुरंधर 2' के साथ आ रहे अक्षय



'धुरंधर 2' को लेकर तगड़ा माहौल बना हुआ है, 19 मार्च को फिल्म रिलीज होगी. हालांकि, रणवीर सिंह के लिए राह आसान नहीं होने वाली, क्योंकि इसी दिन यश की TOXIC भी आ रही है. खैर, इन दोनों ही फिल्मों की रिलीज को बस कुछ ही दिन बाकी रह गए हैं. इसी बीच अक्षय कुमार ने भी सॉलिड प्लान बना लिया है. सूर्यवंशी ने अपने सिम्बा का हाथ थाम लिया है, वो अब 'धुरंधर 2' के साथ ही आने की प्लानिंग कर रहे हैं. अक्षय कुमार पहले ही इस महा क्लैश के चलते अपनी फिल्म की रिलीज को आगे खिसका चुके हैं. 2 अप्रैल को उनकी 'भूत बंगला' आने वाली थी, लेकिन फिर नुकसान न हो इसलिए फिल्म को आगे के लिए शिफ्ट किया गया. लेकिन एक बार फिर वो वापस आ गए. जी हां, उनकी अगली पिक्चर 'भूत बंगला' 10 अप्रैल को आ रही है. अब एक्टर और उनकी फिल्म को लेकर क्या अपडेट आ गया है? दरअसल अक्षय कुमार के खाते में इस वक्त कई बड़ी फिल्में हैं. 2026 की पहली फिल्म 'भूत बंगला' ही होगी, जबकि उसके बाद लाइन में 'हैवान', 'वेलकम टू द जंगल' भी शामिल है. यह वो फिल्में हैं, जो इसी साल सिनेमाघरों में रिलीज होगी. हाल ही में जानकारी सामने आई थी कि अक्षय की 'भूत बंगला' का पहला गाना 'राम जी भला करेंगे' को 'धुरंधर 2' के साथ थिएटर्स में अटैच किया जाएगा. लेकिन अब लगता है कि प्लान पूरी तरह बदल गया है और मेकर्स ने कुछ और प्लानिंग कर ली है? पर क्या आइए जान लीजिए.



### कैसे सिम्बा के साथ-साथ चल पड़ा सूर्यवंशी?

अक्षय कुमार और प्रियदर्शन के मच-अवेटेड रीयूनियन का इंतजार कर रहे फैन्स के लिए एक गुड न्यूज है. हाल ही में एक न्यूज वेबसाइट पर रिपोर्ट छपी. जिससे पता लगा कि 'भूत बंगला' का ट्रेलर 19 मार्च से सिनेमाघरों में 'धुरंधर 2' के साथ अटैच किया जाएगा.

यह इसलिए भी बड़ा फैसला है, क्योंकि धुरंधर 2 को लेकर तगड़ा बज बना हुआ है. ऐसे में इस फिल्म के साथ अटैच होना यानी हॉरर-कॉमेडी एंटरटेनर का बड़े पर्दे पर बड़े पैमाने पर लॉन्च पक्का है. ऐसी भी खबर है कि मार्च के दूसरे हफ्ते में शायद 9 मार्च से 18 मार्च के बीच, BHOOTH BANGLA के ट्रेलर को डिजिटली रिलीज करने का प्लान बना रहे हैं. कहा जा रहा है कि ट्रेलर कट लॉक हो गया है. टीम इसे लेकर बहुत कॉन्फिडेंट है.

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक : **पवन मॉगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय** : गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाईन प्रकाशित। **मो. नं.** : +91-95945-42679
e-mail :- padmavatmedia@gmail.com / Web : padmavatmedia.in (नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रूप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।